मामला खेतलपुर का, पशु प्रेमियों ने आक्रोश जताकर की कार्रवाई की मांग

# गोशाला में अव्यवस्थाएं, गंदगी में गोवंशी

**रतलाम।** एक तरफ शासन द्वारा गोवंशी की रक्षा को लेकर जगह-जगह गोशाला के निर्माण कराए जा रहे हैं, वहीं वर्षों से स्थापित शहर से कुछ दूरी पर खेतलपुर स्थित गोशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। इससे गोवंश को काफी पीड़ा भोगना पड़ रही है। कई गोवंशी की अब तक मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रही है। इससे पशु प्रेमियों में आक्रोश उपज रहा है। रविवार को भी गोशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते एक गोवंशी की मौत हो गई।



खेतलपुर गोशाला में कीचड़-गंदगी के बीच गोवंश। • नईदुनिया

खेतलपुर गोशाला के रखरखाव पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे यहां गोवंश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में पशु प्रेमी गोवंश की सेवा-पूजा के लिए आते हैं, लेकिन अव्यवस्थाएं देखकर सभी का मन खट्टा हो जाता है और अव्यवस्थाओं के खिलाफ आक्रोश उपजता है। रविवार को भी कई पशु प्रेमी गोशाला पहुंचे। गोशाला परिसर कीचड़ से लबरेज रहा।

समुचित साफ-सफाई व देखरेख के अभाव में यहां गोवंश की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। पशु प्रेमियों का कहना है कि गोवंश के लिए पर्याप्त राशि होने के बाद भी उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। ये स्थिति बीते कई दिनों से बनी हुई है। इस मामले में गोशाला संचालकों को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा है और गोवंश की मौत हो रही है। जीव मैत्री परिवार के एक सदस्य ने इंटरनेट मीडिया फेसबुक आदि पर अव्यवस्थाओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। साथ ही उन्होंने गोशाला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध भी किया है।

**साफ-सफाई का अभाव**

खेतलपुर गोशाला में बीते कई दिनों से साफ-सफाई नहीं हुई है। गोवंश को रखने वाले परिसर में कीचड़ फैल रहा है। इससे गोवंश के पैरों में सड़क की स्थिति बन रही है। यहां करीब 400 गोवंश हैं, जिन्हें चार हिस्सों में रखा जा रहा है। छोटे खैर में 100 से ज्यादा गोवंश को रखा जा रहा है।

**पं. नागर ने रखी थी नींव**

दो दशक पहले मालवा के प्रसिद्ध संत और कथा वाचक पं. कमल किशोर जी नागर ने उक्त गोशाला की स्थापना की थी। कुछ समय तक गोशाला की व्यवस्थाएं सुचारू रहीं, लेकिन वर्तमान में स्थिति चिंताजनक है। जिम्मेदार कुछ भी बोलने और व्यवस्था में सुधार करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। यहां आने वाले जीवदया प्रेमियों का कहना है कि परिसर में कीचड़ के कारण पैदल चलना मुश्किल है। ऐसे में गोवंश कैसे रहते होंगे, सहज समझा जा सकता है। नई.

नईदुनिया 4/10/21

**यह फर्क क्यों...** जनप्रतिनिधियों के घर के सामने बनी है सीमेंट कांक्रीट और डामर की चकाचक सड़कें, टैक्स चुकाने के बाद भी जनता के साथ दगा

# 50 करोड़ से ज्यादा सालाना रोड टैक्स चुकाने के बाद भी जनता की सड़कों का हाल है बुरा

रतलाम | बारिश से शहर की सड़कें छलनी हो गई हैं। इनकी रिपेयरिंग की चिंता ना तो हमारे द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को है और ना ही इसके लिए जिम्मेदार अफसरों को है। जबकि जनता द्वारा सालाना 50 करोड़ रुपए से ज्यादा रोड टैक्स चुकाया जाता है। बावजूद सड़क रिपेयरिंग की बात जब आती है तो जनप्रतिनिधि हो या अफसर उनके पास वहीं रटारटाया जवाब रहता है कि बारिश चल रही है। सड़कों का मेंटेनेंस तो दूर गड्ढे भरने की चिंता भी इन अफसरों को नहीं है।



### ये है जनता सड़क ... 500 मीटर तक गड्ढे

ये है कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग। एक साल पहले सीवरेज लाइन डालने के लिए खुदाई की। इसके बाद सही ढंग से मरम्मत नहीं की। बारिश में इतने गड्ढे हो गए हैं कि इस पर गुजरना मुश्किल है। राम मंदिर के सामने जैसे ही कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग के लिए टर्न होते हैं गड्ढे शुरू हो जाते हैं और फिर 500 मीटर तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। जबकि यह पटरी पार को बाजना रोड से जोड़ने का मुख्य मार्ग है और बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं।

## कई मानसून गुजरे, गड्ढे तो दूर कीचड़ भी नहीं मिलेगा वीआईपी सड़कों पर

**वीआईपी रोड : 1** सांसद निवास ऑफिसर कॉलोनी रोड

### रोड चकाचक है, कीचड़ ना हो इसके लिए पेवर ब्लॉक भी लगाए



जनप्रतिनिधि



**गुमान सिंह डामोर**
सांसद, रतलाम संसदीय क्षेत्र
जिम्मेदारी
शहर में विकास कार्य करवाना

सांसद की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे जनता की हर समस्या का हल करे लेकिन उन्हें भी अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह ही निवास के आसपास के विकास से मतलब है तभी तो उनके निवास के सामने सीसी रोड बनी है। बल्कि रोड किनारे कीचड़ ना हो ब्लॉक लगाए हैं। इससे घर के इंद गिर्द ढूंढने से भी कीचड़ नहीं मिलेगा।

**वीआईपी रोड : 2** डालूमोदी बाजार से पैलेस रोड

### पूर्व गृह मंत्री के घर के सामने के रोड पर एक भी गड्ढा नहीं



जनप्रतिनिधि



**हिम्मत कोठारी**
पूर्व गृहमंत्री और लोक निर्माण मंत्री
जिम्मेदारी
जनसुविधा का ध्यान रखना

पूर्व गृह और लोक निर्माण मंत्री हिम्मत कोठारी के घर के सामने भी सीसी रोड बनी है। यहां ढूंढने से भी गड्ढा नहीं मिलेगा। 5 साल पहले रोड का निर्माण हुआ लेकिन घर से थोड़ी ही दूर पैलेस रोड की बात करें तो यह सड़क गड्ढे से भरी है। मुख्य मार्ग होने से आम जनता को रोज गड्ढों के सामने से गुजरना पड़ रहा है।

**वीआईपी रोड : 3** सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती

### सड़क तो सीसी बनी है साथ में घर के सामने ही रास्ता बना है



जनप्रतिनिधि



**शैलेंद्र डागा**
पूर्व महापौर
जिम्मेदारी
जनसुविधा का ध्यान रखना

2010 से 2015 तक महापौर रहे हैं शैलेंद्र डागा के घर के सामने की रोड भी शहर की वीआईपी सड़कों में गिनी जाती है। दस महीने पहले निर्माण हुआ है और सीएम शिवराजसिंह चौहान ने ही लोकार्पण किया। उनके घर के सामने ही रास्ता भी बना हुआ है। हालांकि बताते हैं कि मंडी का गेट है। इससे रास्ता बना हुआ है।

**आप भी भेजें अपनी खराब सड़क के फोटो**

सड़कों की दुर्दशा से त्रस्त पूरा शहर है। आप भी जिम्मेदार शहरी होने का फर्ज निभाएं। अपनी खराब सड़क की फोटो हमें भेजें। दैनिक भास्कर इसे प्रकाशित करेगा। आपकी खराब सड़क के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं यह भी लिखें। इन नंबर 98263-98255 सिर्फ वाट्सएप करें।

दै. भास्कर 5/10/21

# थावरिया बाजार में स्कूल के समीप गिरा चार मंजिला जर्जर मकान

## दो दिन पहले ही किराए से रह रही छात्राओं ने खाली किया था, जनहानि टली



थावरिया बाजार में जर्जर मकान गिरने से मलबा सड़क तक आ गया। ●नईदुनिया

**रतलाम।** थावरिया बाजार में संत मीरा स्कूल के समीप स्थित चार मंजिला जर्जर मकान रविवार शाम करीब छह बजे भरभराकर गिर गया। भवन में रह रही छात्राओं ने दो दिन पहले ही मकान खाली किया था। इससे बड़ा हादसा टल गया। मकान के मलबे से सड़क पर खड़ी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बिजली की सर्विस लाइन भी टूट गई।

शहर में इस वर्ष औसत से अधिक बारिश हो चुकी है। मानसून समाप्ति के समय ही जर्जर मकानों के गिरने के मामले ज्यादा होते हैं। शहर में 100 से अधिक मकानों को जर्जर घोषित कर निगम से नोटिस जारी किए गए हैं। थावरिया बाजार में गिरा मकान भी जर्जर हो चुका था। क्षेत्रवासी मकान गिराने की मांग पहले भी कर चुके थे। रविवार व शाम का समय होने से आवाजाही कम थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

नईदुनिया 5/10/21

## डेन-2 स्ट्रेन : अब तक 384 पॉजिटिव सामने आए

# डेंगू के स्ट्रेन की जांच के लिए मलेरिया विभाग 25 सैंपल जबलपुर लैब भेजेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

इस साल हमारे शहर में डेंगू ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यह कौन सा स्ट्रेन है, इसकी जांच



के लिए रतलाम से जबलपुर की लैब में सैंपल भेजे जाएंगे। मलेरिया विभाग ने 25 सैंपलों को भेजने की तैयारी की है, यह पॉजिटिव आए लोगों के रेंडमली लिए गए सैंपल होंगे।

कुछ दिन पहले मंदसौर से सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें रतलाम के लोगों के सैंपलों में भी डेन-2 स्ट्रेन मिला है। इधर, अब रतलाम से भी सैंपल जांच के लिए जबलपुर की लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। 384 मामले सामने आ चुके हैं।

### पहले मिल चुका है डेन-2 स्ट्रेन

मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू के बढ़ने की स्पीड को देखते हुए उसके स्ट्रेन की जांच जरूरी है। रतलाम में कुछ साल पहले भी जांच की गई थी जिसमें डेन-2 स्ट्रेन के मामले सामने आए थे। पिछले सालों में कई अन्य शहरों में भी ये स्ट्रेन पाया गया है।

**रविवार को नहीं हुई जांच, पॉजिटिव 0 :** इधर रविवार को एलाइजा टेस्ट से जांच नहीं हो सकी। नतीजतन किसी रिपोर्ट के बारे में भी पता नहीं चल सका। जनवरी से जिले में 1614 सैंपलों की जांच की गई है जिनमें 384 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है।

भास्कर

दै. भास्कर 5/10/21

# हर आठवें घर में मिला लार्वा इसलिए फैल रहा डेंगू

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** अगस्त महीने से शहर में डेंगू के मामले तेजी से बढ़े और उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर सर्वे कर नए मरीजों की तलाश करने के साथ लार्वा नष्ट करा रही है। दो महीने में शहर के 8878 घरों का सर्वे हुआ, जिनमें 1117 घर ऐसे मिले हैं, जहां डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का लार्वा मिला। अधिकांश घरों में बुखार के मरीज मिले और कई में डेंगू भी निकला। औसतन हर आठवें घर में लार्वा मिला है।

मलेरिया विभाग के मुताबिक डेंगू फैलने का बड़ा कारण लार्वा का पनपना है। लोग अपने घरों में सफाई का ध्यान नहीं रखते और बारिश का पानी जमा होने से लार्वा बना, जिससे मच्छर पैदा हुए और तेजी से डेंगू फैल गया। रविवार को भी जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब में एलाइजा जांच नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग के आकड़ों में नए मरीज नहीं जुड़े जबकि एंटीजन किट जांच में जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में नए मरीज सामने आए। सभी का उपचार भी चालू हो गया है।



रविवार को शहर के 623 घरों में सर्वे हुआ। 70 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। एंटीजन किट जांच में तीस से अधिक मामले मिले हैं। मानव सेवा समिति ने रविवार शाम तक 60 से अधिक लोगों को प्लेटलेट्स दिए।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एलाइजा जांच नहीं हुई है, जिसके कारण नए मामले मिले हैं। सर्वे चलता रहा और लगातार लोगों के घरों में लार्वा मिल रहा है, जो डेंगू के फैलने का एक बड़ा कारण है। बचाव के उपाय और जागरूकता के लिए हमारी टीमें काम कर रही हैं। वहीं सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने कहा कि हमने एलाइजा किट की मांग की है। अभी तो एंटीजन किट से तीनों तरह के डेंगू की जांच कर उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में निशुल्क जांच करा रहे हैं।

नई.

नईदुनिया 5/10/21

# नामली में अवैध कालोनी निर्माण, 14 पर एफआइआर

## तहसीलदार के प्रतिवेदन पर कालोनाइजरों व उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**नामली/रतलाम (नईदुनिया न्यूज)।** नामली नगर में प्रशासन ने अवैध कालोनी निर्माण के मामले में तीन कालोनियों के 14 कालोनाइजरों व उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। नामली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भादवि की धारा 420 व मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 339 (ग) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय है कि नामली नगर में पिछले कुछ वर्षों में कई कालोनियों का नियमों के विपरीत निर्माण किया गया है। शनिवार को प्रशासन का अमला नामली के फोरलेन से लगे पल्दुना रोड पर स्थित तीन कालोनियों पर कार्रवाई करने पहुंचा था। एक कालोनी की बाउंड्रीवाल तोड़ी गई, तभी वहां कुछ लोगों ने पहुंचकर कार्रवाई का विरोध किया था। प्रशासनिक अधिकारियों को न्यायालय से स्टे मिलने की जानकारी दी थी। इस पर कार्रवाई रोक दी गई थी। नामली नगर परिषद की प्रभारी सीएमओ व तहसीलदार अनिता चकोटिया की तरफ से कालोनीनाइजरों के खिलाफ नियमों के विपरीत कालोनी निर्माण कर धोखाधड़ी करने के संबंध में एफआइआर दर्ज करने का प्रतिवेदन मिलने के बाद पुलिस ने रात में आरोपित प्रहलाद पुत्र वीरेंद्रसिंह, मुकेश पुत्र परमानंद कुमावत, शंकरलाल पुत्र रामचंद्र कुमावत, जगदीश पुत्र रामचंद्र कुमावत, आत्माराम पुत्र रामचंद्र कुमावत, सत्यनारायण पुत्र रामचन्द्र कुमावत, राधाबाई पत्नी रामचंद्र कुमावत सभी निवासी नामली, रतलाम के अली असगर पुत्र हकीमउद्दीन, फिरोज पुत्र आतिम अली, दशरथ पुत्र भेरूलाल बाफना, सुशीला बाफना, रमेश पुत्र रतनलाल चोपड़ा, पद्मा चोपड़ा, राजेश चोपड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय कालोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है।

### दर्जनभर कालोनी पर निगाह

तहसीलदार व प्रभारी सीएमओ अनिता चाकोटिया ने बताया कि नामली नगरीय क्षेत्र में बनी करीब दर्जनभर अवैध कालोनियों की सूची तैयार की गई है। सभी को नोटिस दिए जाएंगे। अवैध कालोनी का निर्माण करने वाले अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आरएस भाबोर ने बताया कि फिलहाल 14 आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### जमीन दो माह पहले ही बेच दी थी

पद्मा व राजेश चोपड़ा के अभिभाषक अमित कुमार पांचाल ने बताया कि मेरे पक्षकार दो माह पूर्व ही कृषि भूमियों का विक्रय कर चुके हैं। नगर परिषद के सूचना पत्र का उत्तर भी दिया था, जिसे छुपाकर थाने पर आवेदन दिया गया है। रतलाम ग्रामीण तहसीलदार और नामली नगर परिषद की प्रभारी अधिकारी द्वारा दर्ज करवाया गया प्रकरण अवैधानिक और नियम विरुद्ध है। नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 313 (2) के अनुसार इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या उपविधि के अधीन, उसमें अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी अभियोजन किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष संस्थित किया जा सकेगा।

### कालोनी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र नहीं लिया

प्रशासन ने पुलिस को आरोपितों के खिलाफ करीब 55 दस्तावेज दिए हैं। पुलिस को बताया गया कि आरोपितो ने सर्वे क्रमांक 160/1, 161/2/2, 160/2, 161/2/1, 162/1, 161/1, 263/1, 186/2, 263/1, 186/3, 263/1, 186/4, 264/1/4, 264/2/2, 271/1, 271/2 व 264/201 की भूमि पर कालोनी के लिए नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से मानचित्र का अनुमोदन नहीं करवाया। आश्रय शुल्क भी जमा नहीं कराया गया है न ही कालोनी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है। कालोनाइजर ने संपूर्ण विकास किए बगैर भूखंड काटे। उन पर नप से स्वीकृति प्राप्त किए बगैर भवन निर्माण किए गए।

## शासकीय भूमि पर बनाए मार्बल के गोदाम, दुकानें हटाई



सैलाना रोड से अतिक्रमण हटाती हुई जेसीबी। •नईदुनिया

**रतलाम।** जिले में भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आ रही है। प्रशासन ने रविवार को बरबड़ रोड पर तिरूपति नगर के आगे फोरलेन से लगी लगभग 35 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये है।

राजस्व विभाग, नगर निगम तथा पुलिस के संयुक्त दल द्वारा रविवार सुबह सैलाना रोड स्थित तिरुपति नगर सर्वे नंबर 278 बरबड़ क्षेत्र में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। यहां 10 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर मार्बल दुकान, गोदाम आदि बना लिए थे। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन का उपयोग करते हुए शेड हटाए गए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अब यहां समतलीकरण कर सब्जी, फल विक्रेताओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी आदि मौजूद रहे।

मालूम हो कि जिला प्रशासन द्वारा मिलावट या माफिया संबंधी सूचना देने के लिए संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। मोबाइल नंबर 9329308361 तथा लैंडलाइन नंबर 07412-270401 पर दी जा रही सूचनाओं के आधार पर प्रशासन कार्रवाई कर रहा है।

**व्यक्तिगत विवाद के लिए कोर्ट जाएं**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करके कार्रवाई की जा रही है। अधिकतम रुप से तो लोगों द्वारा आपसी विवाद या किन्हीं दो व्यक्तियों के मध्य विवाद की सूचना दी जा रही है जो माफिया के विरुद्ध कार्रवाई से संबंधित नहीं होती है। ऐसे दीवानी प्रकार के विवादों के लिए सक्षम न्यायालय में जाना होगा। प्रशासन द्वारा जारी नंबरों पर मिलावट, अवैध कालोनाइजर, रेत का अवैध उत्खनन परिवहन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की सूचना दी जा सकती है।

**सैलाना में आठ ट्राली रेती जप्त, जेसीबी तथा ट्रैक्टर पकड़े**

रविवार को सैलाना एसडीएम कामिनी ठाकुर द्वारा कार्रवाई करते हुए बाजना क्षेत्र में माही नदी पर रेत के अवैध उत्खनन में कार्रवाई कर एक जेसीबी तथा आठ ट्रैक्टर-ट्राली के साथ आठ ट्राली रेती भी जब्त की। नई.

नईदुनिया 4/10/21

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 2 अक्टूबर शनिवार को नो पार्किंग में खड़े 11 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला।

[illegible]

[illegible] 5/10/21

## अतिक्रमण करने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अस्थायी अतिक्रमण करने पर रामेश्वर बरबड रोड से 15000 रुपये, महिपाल चौहान सन सिटी के सामने से 5000 रुपये, शर्मा वेल्डिंग गीता मंदिर रोड व भीमसिंह लोकेंद्र टाकीज रोड से 2000-2000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

नईदुनीया 5/10/21

# नगर निगम की अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर निगम की कार्यप्रणाली से पूरी आम जनता दुखी है सड़क बिजली सफाई मूलभूत सुविधाओं सीवरेज लाइन एवं विद्युत व्यवस्था से नागरिकों को वंचित कर रखा है पूरा नगर निगम अव्यवस्थाओं एवं भ्रष्टाचार का ढेर बना हुआ है एक अतिवृष्टि ने नगर निगम की सभी पोल खोल कर रख दी है इन सब बातों के विरोध को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी समस्त मोर्चा संगठन एवं पूर्व कांग्रेस पार्षद दल द्वारा संयुक्त रुप से दिनांक 4 अक्टूबर को नगर निगम के विरोध मैं मोर्चा निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री झाबुआ विधायक श्री कांतिलाल जी भूरिया भी उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पारस दादा सकलेचा, श्रीमती यास्मिन शेरानी, जेम्स चाको शांतिलाल वर्मा रजनीकांत व्यास विनोद मिश्रा मामा, सतीश पुरोहित राकेश झालानी अनिल झालानी, राजीव रावत युवक विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती प्रेमलता दवे, श्रीमती अदिति दवे सर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या कमरुद्दीन कछवाहा विजय सिंह चौहान मोहसिन भाई शेरानी शैलेंद्र सिंह अठाना, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मयंक जाट, मनसूर अली पटौदी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा एनएसयूआई नीलेश शर्मा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद पुसद, सेवादल महीप मिश्रा महिला सेवा दल श्रीमती संगीता काकरिया यंग ब्रिगेड धर्मेंद्र शर्मा इंटक अरविंद सोनी पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान नासिर कुरेशी जोयबआरिफ, आयुष सिंह राठौड, पूर्व पार्षद मनोज दीक्षित हितेश पेमाल जगदीश अकोदिया फैयाज मंसूरी, वहीद शेरानी ने आम जनता से अपील की है ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर 11 बजे स्थानीय शहीद चौक से सम्मिलित हो।

प्रसारण 4/10/21

# शहर कांग्रेस का आंदोलन आज, पहले निकालेगी रैली फिर होगा धरना

रतलाम. शहर कांग्रेस सोमवार को नगर निगम से जुड़ी शहर की अव्यवस्थाओं के खिलाफ रैली निकालकर प्रदर्शन करेगी। पहले शहीद चौक से रैली निकाली जाएगी, नगर निगम पर धरना आंदोलन किया जाएगा। इसमे विधायक कांतिलाल भूरिया भी शामिल होंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया जर्जर सड़क, पोल पर बंद पड़ी बिजली, सफाई, मूलभूत सुविधाओं का अभाव से नागरिकों को वंचित कर रखा है। शहर कांग्रेस व पूर्व पार्षद दल संयुक्त रुप से शहीद चौक से मोर्चा निकालेगा व शहर में भ्रमण करके नगर निगम पहुंचेगा व यहां सभा करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

पत्रिका 4/10/21

# नवरात्र के लिए सजने लगा कालिकामाता मंदिर परिसर



रतलाम | गुरुवार से नवरात्रि शुरू होने जा रही है। इसको लेकर शहर का ऐतिहासिक कालिकामाता मंदिर परिसर सजना शुरू हो गया है। यहां लाइट लगना शुरू हो गई है। परिसर के साथ ही मंदिर के गुंबज पर भी विद्युत सज्जा की जाएगी। नवरात्रि के दौरान दर्शनों के लिए यहां माता के भक्तों का जमावड़ा लगेगा। भास्कर

दै. भास्कर 5/10/21

**शहर में बढ़ती जा रही श्वानों की संख्या**

# किसी की जान पर भारी न पड़ जाए जिम्मेदारों की लापरवाही



रतलाम @ पत्रिका. शहर में आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है सड़क पर आवाजाही करने वालों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। सुबह सैर करने या फिर देर रात सड़कों पर आवाजाही वाले लोगों पर अचानक से लपक पड़ते हैं, ऐसे में कई बार वाहन चालक घबराकर हादसों का शिकार हो जाते हैं।

शहर में लगातार बढ़ती श्वानों की संख्या को लेकर शहरवासी चिंतित हैं लेकिन जिम्मेदार है कि इनकी बढ़ती संख्या रोकने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं जिसके चलते दिन प्रतिदिन इनकी संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है जिसका खामियाजा सड़क पर चलते लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पत्रिका



# आवारा श्वानों और मवेशियों का सड़कों पर राज कब समाप्त होगा?

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर में श्वानों का यह काफिला नगर सुधार न्यास कार्यालय से कालिका माता मार्ग के लोकनिर्माण विभाग कार्यालय के बीच का यह दृश्य प्रात: 7 बजे का है, जिसे लोकतंत्र सैनानी महेन्द्र नाहर ने भेजा है। नवरात्रि पर्व नजदीक है, जिसमें प्रतिदिन प्रात: 4 बजे से महिलाएं तथा भक्तगण दर्शनार्थ कालिका माता दर्शन क लिए पहुंचते है तथा रात्रि में भी दर्शनार्थियों की भीड़ इस मार्ग से गुजरती है। श्वानों का यह जमावड़ा लोगों को किस कदर परेशान करेगा इसकी कल्पना की जा सकती है।

गुलाब चक्कर क्षेत्र में भी श्वानों का जमघट लगा रहता है जो कालिका माता मंदिर पहुंच मार्ग पर ही है। इसी तरह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में श्वानों के आतंक की शिकायत नागरिकों द्वारा की जा रही है; लेकिन आश्चर्य है निगम प्रशासन का ध्यान इस ओर और आयुक्त भी नगर में स्वच्छता अभियान में अपनी टीम के साथ जुटे हुए है। उसके बावजूद श्वानों का यह आतंक और जमावड़ा हटाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं आवारा मवेशियों का जमघट भी सड़कों पर है। नागरिकों द्वारा सोशल मीडिया पर इस ओर ध्यान आकर्षित किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होना लोगों के लिए चिंता का विषय है। केवल निगमायुक्त द्वारा स्वच्छता अभियान के नाम पर पूरे निगम अमले को लगा रखा है, क्या आवारा श्वानों और मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं है या केवल सफाई के नाम पर और नगर निगम को पुरस्कार दिलाने के लिए ही निगम अमले का उपयोग किया जा रहा है। यह लोगों में चर्चा का विषय है। जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वह दबावपूर्वक प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान

स्वदेश

स्वदेश 4/10/21



# पुराना कलेक्टर कार्यालय आवारा खूंखार कुत्तों का शरण स्थली बना

रतलाम। शहर के पुराने कलेक्टर कार्यालय क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों का साम्राज्य हो कर नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। कालिका माता मंदिर ,वकील कॉलोनी, आनंद कॉलोनी आदि अनेक क्षेत्रों में आने जाने वाले नागरिकों को आवारा ऐवं खौफनाक कुत्तों का सामना करना पड़ रहा है। अनेकों बार इस रोड से गुजरने वाले राहगीरों, वाहन चालकों के पीछे कुत्तों का बड़ा झुंड पड़ जाता है जिससे बचने के प्रयास में वाहन चालक गिर जाते हैं। ऐसी अनेक घटनाएं हो चुकी है। कुछ समय पश्चात नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होने वाला है ऐसे में कालिका माता दर्शन के लिए आने जाने वाले भक्तों का बड़ा संकट झेलना सकता है ।अभी भी हालात यह है कि मंदिर दर्शन के लिए भक्तों को अपना मार्ग बदलना पड़ रहा है। यही हालात पूरे शहर भर के अधिकांश कॉलोनियों ,मोहल्ला एवं सड़कों के बने हुए हैं जहां सैकड़ों की संख्या में आवारा कुत्ते नागरिकों का जीना हराम किए हुए हैं। रात्रि के समय किसी इमरजेंसी में निकलने वाले नागरिक गणों को कई बार खौफनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। नागरिकों बच्चों को कुत्तों के काटने की बीते वर्ष में बहुत घटनाएं हुई और निजात दिलाने की प्रशासन से गुहार लगाई गई लेकिन नतीजा आज भी शून्य है। अवन्तिका।

अवन्तिका ५/१०/२१

# जिले में रात्रि ११ बजे से नाईट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता १९७३ की धारा १४४ में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। आगामी ३१ अक्टूबर की प्रात ६.०० बजे तक के लिए लागू प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में रात्रि ११ बजे से प्रातः ६ बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में पूर्व में जारी आदेश में प्रदत्त दिशा-निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे। सभी धार्मिक, पूजा स्थल खुल सकेंगे किन्तु एक समय में ०६ से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे तथा उपस्थितजनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा।

अग्निलेख 3/10/21

## सफाई कर्मचारी एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर

# अल्पसंख्यक मोर्चे ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

महात्मा गांधी का जन्मदिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी के निर्देशानुसार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर मनाया गया ।

उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं और सफाई कर्मचारीयों को साड़ीया, पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हे मेडल भी प्रदान किये गये।




मोर्चे के नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सह-संयोजिका श्रीमती अनिता कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष करण धीर बडगोत्या, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक प्रभु सौलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता इनायत बाबा, सुरेखा दीदी, प्रो.इमरान हुसैन, वाजिद बॉबी, हमीद खान, इलियास अहमद कुरैशी, रियाज पासपोर्ट, इलियास मिनर्वा, इलियास बेलिम, मशरूफ शेरानी, असगर शेरानी, शेख वजीर, वाजिद खान, रईस कुरैशी, इमरान खान, फैयाज भाई, युसूफ मेव एवं अजहर मंसूरी भी उपस्थित थे।

शेरानी पुरा कब्रिस्तान मे पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी इब्राहीम शेरानी ने दिया कार्यक्रम का संचालन मोर्चा जिला महामंत्री मंसूर जमादार ने एवं आभार मोर्चे के मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शेरानी ने माना।

अवन्तिका · 3

अवन्तिका 3/10/21

# नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**रतलाम। आजादी के अमृत महोत्सव के छठवे दिन स्वच्छता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

स्वच्छता गतिविधियों को लेकर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम की अन्य शाखाओं के प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम का अमला सबसे पहले नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर पहुचा और वहां बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। यहां पर महात्मा गांधी के स्वच्छता पर विचार विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द्र प्रतापसिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, हेमन्त बंदोडिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सफाई मित्र समूह की टीम, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

**व्यापारियों को कपड़े की थैलियों का वितरण:** सफाई मित्र समूह व नगर निगम की टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में फल,सब्जी बैचने और होटल संचालित करने वालों को अमानक प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नही करने की समझाईश दी गई है। इस मौके पर शैलन्द्र गोठ्वाल और सफाई मित्र समूह की टीम के सदस्यों ने कपड़ों से बनी थैलियों का वितरण किया।

**सम्मान किया :** नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में नगर की सफाई व्यवस्था से जुड़े और स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाई मित्रों का सम्मान शाल, श्रीफल,प्रमाण पत्र और साफा बांधकर किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, पर्वत हाड़े, किरण चौहान और मोनिका चौहान ने यहां सफाई संरक्षक, कचरा संग्रहण वाहन चालक,हेल्पर व दारोगाओं का सम्मान किया।

५/१०/२१

**आयुक्त बोले** कचरा निपटान रोजगार का साधन

# नगर निगम ने गंदगी से सचेत करने के लिए डिस्प्ले से दिया संदेश

पत्रिका



रतलाम. शहर के विभिन्न वार्डों में घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए अभियान चलाय रहा है। रविवार को नागरिकों को अपशिष्ट के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि नगर निगम नागरिकों से लगातार अनुरोध करता आ रहे है कि गीले और सूखे कचरे को अपने घर या दुकानों में अलग-अलग ही रखे और कचरा संग्रहण वाहन के अलग-अलग खानों में ही इसका निपटान भी करे। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने से जहां एक और स्वच्छता बनी रहती है, वही कुछ लोगों को इससे रोजगार भी मिलता है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुरेशचन्द्र व्यास के निर्देशन में नागरिकों को अपशिष्ट के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल डिस्पले के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्रभारी सहायक यंत्री श्याम कुमार सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, झोन प्रभारी पर्वत हांड़े, किरण चौहान व सफाई मित्र समूह की टीम उपस्थित रही। मध्यमवर्गीय परिवारों से जुड़े रहवासी इलाकों में टीम ने इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन में करने की समझाईश दी।

पत्रिका 5/10/21

टूटने लगे बगीचों में लगाए गए संसाधन, कोई झांकने भी नहीं आता

# तबादले क्या हुए, सुविधाओं से नए ने मुंह मोड़ लिया

पत्रिका

ग्राउंड रिपोर्ट

रतलाम @ पत्रिका. करीब दो वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर रुचिका चौहान व नगर निगम उपायुक्त तपस्या परिहार ने रुचि लेकर बगीचों में आमजन की सेहत की चिंता करते हुए जिम के संसाधन लगाए थे। उद्देश्य मात्र यह था कि जो लोग महंगे जिम में नहीं जा सकते वे इनका उपयोग करके अपनी सेहत को तंदुरस्त बनाए रखें, अधिकारियों के तबादले क्या हुए, जिम्मेदारों ने इन सुविधाओं से मुंह मोड़ लिया।

करीब डेढ़ से दो वर्ष पूर्व 17 लाख रुपए की लागत से निगम ने तत्कालीन अधिकारियों ने सेहत के प्रति चिंता को देखते हुए 10 बगीचों में जिम के संसाधन लगाए थे। कालिका माता बगीचे, गोपाल शाला बगीचा, काटजू नगर, अमृत सागर, अलकापुरी, विरियाखेड़ी, ऑफिसर्स कॉलोनी शास्त्रीनगर, रत्नपूरी आदि स्थान पर इनको लगाया था। पत्रिका



## उखड़ गया गोल घेरा

कालिका माता बगीचे में लगाया गोल घेरा पिछले छह माह से अपनी जगह से उखड़ गया है। इसको सामाजिक संगठनों ने लगाया, लेकिन लंबे समय तक यह टीक नहीं पाया। ऐसे में नगर निगम के माली ने कभी जवाबदेह को बताना तक जरूरी नहीं समझा की इसको सुधार की जरुरत है।

## हैंड पूश मशीन टूट गई

कालिका माता मंदिर के बगीचे में ही लगाई गई हाथ से संचालित होने वाली हैंड पूश मशीन टूट गई है। इसके स्क्रू निकल गए है व यह एक पाइप के सहारे टिकी हुई है। अब तक इसके सुधार के कोई प्रयास तक शुरू नहीं हुए है। ऐसे में लोग आते है व इसको देखकर चले जाते है।



## दोहरा रवैया ठीक नहीं

ऑफिसर्स कॉलोनी में लगाई गई जिम में कुछ खराबी आती है तो तुरंत सुधार हो जाता है, जबकि कालिका माता के बगीचे में छह माह से सूचना के बाद भी जिम के सामान में हुई टूट के बाद सुधार के लिए कोई नहीं आ रहा है। यह दोहरा रवैया ठीक नहीं है। - **मुस्कान खान,** रहवासी आनंद कॉलोनी

## निर्देश दिए जा रहे है

सुविधाओं से मुंह मोड़ने की बात नहीं है, समय अनुसार प्राथमिकता अलग अलग होती है। कालिका माता मंदिर क्षेत्र के बगीचे सहित जहां भी बगीचे में जिम की सामग्री टूटी हुई है, उनको सुधार के निर्देश दिए जा रहे है। जल्दी ही अन्य संसाधन भी बढ़ाए जा रहे है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 4/10/21

# भू माफिया के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी

## बड़ी कार्रवाई की जाकर शहर में लगभग 30 करोड़ रूपए की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई

प्रसारण न्यूज • रतलाम



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही सतत जारी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 35 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये है।

रविवार को राजस्व विभाग, नगर निगम तथा पुलिस के संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई करते हुए सैलाना रोड स्थित तिरुपति नगर सर्वे नंबर 278 बरबड़ क्षेत्र में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त बेशकीमती भूमि पर 10 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जाकर दुकानें बना ली गई थी। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन का उपयोग करते हुए शेड हटाए गए।

अन्य निर्माण तोड़ा गया। कार्रवाई में चार से पांच डंपर का भी इस्तेमाल किया गया। कार्रवाई दल में एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी आदि शामिल थे।

प्रसारण

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई : अवैध कॉलोनी काटने के मामले में नामली और रतलाम के 14 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

प्रसारण न्यूज • रतलाम

*अवैध कॉलोनी काटने के मामले में जिला और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामली थाने में नामली और रतलाम के 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।इस कार्रवाई के बाद जिले में अन्य स्थानों पर भी अवैध कालोनाइजर के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई की संभावनाएं बढ़ गई है।*

जानकारी के अनुसार रतलाम ग्रामीण तहसीलदार और नामली नगर परिषद की प्रभारी सीएमओ श्रीमती अनीता चकोटिया की शिकायत पर नामली थाने में प्रहलाद सिंह, मुकेश, शंकरलाल, रमेशचंद्र, जगदीश, आत्माराम, सत्यनारायण, राधीबाई सभी निवासी नामली,अली असगर, फिरोज, दशरथ, सुशील, राजेश और पदमा सभी निवासी रतलाम कुल 14 व्यक्तियों पर अवैध कालोनी काटने के मामले में धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में कहा गया कि आरोपितों ने अवैध कॉलोनी का निर्माण कर उसमें भूखंड बनाए और उसका समुचित विकास नहीं कर आम नागरिकों के साथ धोखाधड़ी की।

बताया जा रहा है कि आरोपितो ने नामली कस्बे में करीब 17 सर्वे नम्बरों पर काटी गई कालोनी का नगर एवं ग्राम निवेश से मानचित्र अनुमोदन नहीं कराया। कालोनी रजिस्ट्री का प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं किया। आरोपितों ने संपूर्ण विकास के बिना भूखंड विक्रय किए और नगरपालिका के बिना स्वीकृति के उन भूखंडो पर निर्माण भी हुआ।

प्रसारण 5/10/21

# जिले में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही सतत जारी

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही सतत जारी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 35 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये है। रविवार को राजस्व विभाग, नगर निगम तथा पुलिस के संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई करते हुए सैलाना रोड स्थित तिरुपति नगर सर्वे नंबर 278 धरवड़ क्षेत्र में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त बेशकीमती भूमि पर 10 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जाकर दुकानें बना ली गई थी। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन का उपयोग करते हुए शेड हटाए गए। अन्य निर्माण तोड़ा गया। कार्रवाई में चार से पांच डंपर का भी इस्तेमाल किया गया। कार्रवाई दल में एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निआमपुरकर, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी आदि शामिल थे।

अवलोकित 4/10/21

# बड़ा हादसा टला : थावरिया में अचानक भरभराकर गिरा चार मंजिला जर्जर मकान



## कोई जनहानि नहीं, एक मोटर साइकिल हुई क्षतिग्रस्त

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

वर्षा पूर्व नगर निगम द्वारा जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हे गिराने के लिए नोटिस जारी करने की व्यवस्था समाप्त सी हो गई है। इसी का नतीजा है कि शहर में बड़ी संख्या में जर्जर भवन मौजूद है जो कि कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते है। रविवार को भी थावरिया क्षेत्र में जर्जर हो चुका एक चार मंजिला मकान अचानक भरभराकर ढह गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से एक मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हुई जबकि विद्युत लाइनें भी टूट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम को थावरिया बाजार में स्थित जर्जर हो चुका चार मंजिला भवन अचानक भरभरा कर गिर गया। सुखद संयोग यह रहा कि इस भवन में किराये से रहने वाली कुछ छात्राओं ने दो दिन पूर्व ही इस मकान को खाली किया था। वरना बड़ा हादसा होना तय था। रविवार होने की वजह से सड़क पर आवाजाही भी अत्यन्त कम थी, इसलिए भी इस भवन के गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई। उक्त भवन थावरिया रोड़ पर संत मीरा स्कूल के पास ही स्थित था, लेकिन रविवार होने से आज स्कूल में भी अवकाश वरना स्कूली बच्चों को भी नुकसान हो सकता था।

क्षेत्रवासियों से मिली जानकारी के अनुसार आसपास के लोग कई बार मकान मालिक को जर्जर भवन गिराने को कहते थे। शहर में लगातार हो रही बारिश के चलते पहले से जर्जर यह मकान आखिरकार आज ढह गया। मकान गिरने की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए थे। चार मंजिला भवन गिरने से जोरदार आवाज हुई, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भवन के गिरने से सड़क पर खड़ी एक मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि विद्युत लाइन भी टूट गई।

### नगर निगम की लापरवाही

*इस बार शहर में अब तक औसत से कहीं ज्यादा 47 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है। कई बार बेहद तेज बारिश हुई है। ऐसी स्थिति में वर्षाजनित हादसों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वर्षा पूर्व शहर के खतरनाक स्थिति में पंहुच चुके भवनों का सर्वे कर उन्हें खतरनाक घोषित किया जाता है और भवन स्वामियों को भवन गिराने के लिए नोटिस भी दिए जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जबकि कुछ ही वर्षों पहले शहर में बारिश के दौरान एक मकान गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत भी हो चुकी है। बारिश अब भी जारी है। ऐसे में नगर निगम को सक्रियता दिखाते हुए जर्जर और खतरनाक हो चुके भवनों को गिराने की कार्यवाही युद्धस्तर पर करना चाहिए।*

प्रसारण 5/10/21

**नामली में हुई एफआईआर** में एक ही परिवार के पांच भाई और उनकी मां को भी बनाया आरोपी, रतलाम के भी कुछ लोग शामिल

# नामली की अवैध कॉलोनी मामले में 14 लोगों पर केस रतलाम सैलाना रोड की 30 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

फॉलोअप


बिना अनुमति निर्माण पर सुबह 6 बजे पहुंचा अमला, जेसीबी से ढहाया निर्माण

पत्रिका

*प्रकाशित खबर।*



**रतलाम/नामली.** नामली में शनिवार को प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनी में निर्माण गिराए जाने के बाद प्रशासन के प्रतिवेदन पर पुलिस ने 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर रविवार को प्रशासन की टीम ने सैलाना रोड स्थित सन सिटी के सामने नजूल की करीब 35000 स्क्वायर फीट भूमि पर कब्जा जमा कर बैठे लोगों को हटाकर करीब 30 करोड़ रुपए बाजार मूल्य की जमीन मुक्त कराई है।

## इनके खिलाफ प्रकरण

नामली में अवैध कालोनी निर्माण को लेकर सीएमओ अनिता चकोटिया व हरीश मौर्य की तरफ से शनिवार शाम को कॉलोनाइजर के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए नामली थाने पर प्रतिवेदन दिया था। जिस पर पुलिस ने 14 लोगों पर अवैध कॉलोनी निर्माण, बिना डायवर्शन के प्लाट काटने, जनता से धोखाधड़ी करने की बात कही थी। पुलिस ने प्रहलाद सिंह, मकेश, शंकरलाल, रमेश, जगदीश, आत्माराम, सत्यनायारण, राधीबाई रामचंद्र, दशरथ बाफना, सुशीला बाफना, अकबर, फारूक, रमेश और पद्मा नाम की महिला के खिलाफ धारा 420 के साथ ही नगर पंचायत अधिनियम की धारा 339 (ग) में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इसमें मुख्य कालोनाइजर प्रहलादसिंह को बताया है।

## अभिभाषक का तर्क

कॉलोनाइजर की ओर से अभिभाषक अमित कुमार पांचाल ने बताया प्रशासन द्वारा नामली पुलिस थाने में दर्ज करवाया प्रकरण अवैधानिक-नियम विरुद्ध है। कानूनी प्रावधान अनुसार सीएमओ नामली ने किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष कोई अभियोग पत्र प्रस्तुत नही किया है और केस दर्ज करवाया है। दो माह पूर्व ही कृषि भूमियों का विक्रय कर चुके हैं और नगर पंचायत द्वारा दिए गए सूचना पत्र का उत्तर दे चुके थे। इसे छुपाकर थाने पर आवेदन दिया है।

**केस - एक-** नामली में नगर पंचायत सीएमओ अनिता चकोटिया की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी के साथ ही नपा निगम अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। एक ही परिवार के पांच भाई के साथ मां को भी आरोपी बनाया गया है। जिनके खिलाफ केस दर्ज किया है उनमें कुछ लोग रतलाम के भी है। वहीं दूसरी ओर जिनके खिलाफ कायमी हुई है, उनकी तरफ से उनके अभिभाषक का कहना है कि उनके पक्षकारों पर नियम विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## केस - दो : पहले किया विरोध, बाद में कब्जा हटाने को हुए तैयार

रतलाम शहर में प्रशासन की टीम रविवार की दोपहर में सैलाना रोड स्थित सन सिटी के सामने पहुंची। इस दौरान टीम के साथ नगर निगम का अमला और जेसीबी मौजूद रही। प्रशासन की ओर से तहसीलदार गोपाल सोनी ने यहां अवैध रूप से गुमटी लगाकर बैठे लोगों को हटने की बात कही और पास में शासकीय भूमि पर मार्बल रखकर व्यापार कर रहे व्यापारी को सामान हटाने के निर्देश दिए। पहले तो यह लोग प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने लगे लेकिन जब इनकी एक ना चली तो सब हटने के लिए तैयार हो गए।

## 35000 स्क्वायर फीट थी भूमि

सैलाना रोड पर प्रशासन द्वारा जो शासकीय की भूमि रिक्त कराई गई है, वह लगभग 35000 स्क्वायर फीट है। उक्त भूमि की शासन की गाइडलाइन अनुसार कीमत ₹ 9 से 10 करोड़ों रुपए होना बताई जा रही है। वहीं बाजार मूल्य की यदि बात की जाए तो इस भूमि की कीमत लगभग ₹ 30 करोड़ है। ऐसे में आधी से अधिक भूमि पर पत्थर की व्यापारी का कब्जा था जिसके द्वारा प्रशासन के निर्देश के बाद कब्जा हटाना शुरू कर दिया गया।

## आज फिर कार्रवाई के लिए जाएंगे

तहसीलदार गोपाल सोनी के अनुसार यही पास में बालाजी मार्बल नाम से एक पत्थर का गोदाम है, उसके यहां जब टीम पहुंची तो उनके द्वारा कुछ दस्तावेज दिखाए गए। इसके बाद प्रशासन ने फिलहाल यहां कार्यवाही नहीं की। टीम अब सोमवार सुबह फिर से सर्वे के लिए मौके पर पहुंचेगी और यदि शासकीय भूमि पर कब्जा नजर आया तो उसे हटाया जाएगा।

पत्रिका

पत्रिका 5/10/21

### थावरिया बाजार में शाम को हादसा टला

# सुबह छात्रों ने निकाला सामान, शाम को ढहा 3 मंजिला मकान



थावरिया बाजार में तीन मंजिला मकान मलबे के ढेर में बदल गया।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

थावरिया बाजार वैकुंठ धाम मंदिर के पास रविवार शाम को तीन मंजिला एक पुराना और खाली मकान गिर गया। इस मकान में पहले कोचिंग पढ़ने वाले 8 स्टूडेंट किराए से रह रहे थे वे दो दिन पहले ही मकान खाली कर गए और हादसा हो गया। इसमें से दो स्टूडेंट तो सुबह ही अपना सामान लेने मकान में आए थे और शाम को हादसा हो गया। आसपास कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

नगर निगम, बिजली कंपनी अफसर व क्षेत्र के पूर्व पार्षद मंगल लोढ़ा पहुंचे और आवागमन रोका। इसके बाद मलबा साइड में किया और रास्ता चालू किया। 40 साल पुराना मकान दिलीप पाटीदार का है।

पूर्व पार्षद मंगल लोढ़ा ने बताया मकान काफी पुराना होकर जर्जर था। इसमें स्टूडेंट रह रहे थे। चूंकि मकान जर्जर था और लगातार बारिश हो रही थी। इससे मैंने स्टूडेंट से गुजारिश की कि आप मकान बदल लो क्योंकि मकान जर्जर है और कभी भी गिर सकता है। इस आधार पर स्टूडेंट ने दो दिन पहले ही मकान बदल लिया। दो स्टूडेंट तो सुबह ही अपना सामान लेने आए थे। वहीं पास में ही मकान का निर्माण भी चल रहा है। इससे मजदूरों और मिस्त्री को भी मकान से दूर रहने की सलाह दी। इससे बड़ा हादसा टल गया।

दै. भास्कर 4/10/21

**थावरिया बाजार में गिरा मकान: पास में काम कर रहे मजदूर भी काम कर चुके थे बंद**

# बाजार में तीन मंजिला मकान भरभराकर गिरा

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. थावरिया बाजार में संत मीरा स्कूल के सामने एक निर्माणाधीन मकान की नींव खोदकर कर काम चल रहा था। इसके पास ही खड़ा तीन मंजिला मकान रविवार की शाम करीब साढ़े पांच से छह बजे के बीच अचानक भरभराकर गिर गया। मकान गिरने के समय उसमें कोई नहीं था और पास में काम कर रहे मजदूर भी अपना काम खत्म कर चुके थे। खास बात यह रही कि जिस समय मकान भरभराकर गिरा उस समय सड़क पर यातायात भी नहीं था वरना बड़ा हादसा हो जाता। मकान का लगभग 80-90 फीसदी मलबा सड़क पर ही आ गिरा है।

## सुबह ही खाली किया था मकान

वार्ड के पार्षद और सामने ही निवास करने वाले मंगल लोढ़ा ने बताया यह मकान दिलीप पाटीदार का है और इसमें स्टूडेंट किराए से रहते थे। पास में दीपक चौरसिया के मकान का निर्माण शुरू होने के समय इन्हें मकान खाली करने के लिए कह दिया गया था। मकान की नींव कमजोर होने से हादसे की आशंका थी। इन स्टूडेंट से रविवार की सुबह ही तीन मंजिला मकान खाली करवाया था और इसके गिरने के समय इसमें कोई नहीं था। पास में निर्माणाधीन मकान में लगे मजदूर भी शाम को अपना काम खत्म कर चुके थे।

## दिन में मिट्टी गिरने लगी थी

जो तीन मंजिला मकान शाम को भरभराकर गिरा उसके पास काम करने वाले मजदूरों के अनुसार दिन में मकान से मिट्टी गिर रही थी। इसलिए इस मकान से दूर ही रहकर काम कर रहे थे। निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार ने भी किसी को उसके पास नहीं जाने की सलाह दी थी। मकान गिरने की सूचना मिलने के बाद स्टेशन रोड पुलिस थाने की चीता पार्टी, पुलिस जवान और टीआई किशोर पाटनवाला भी मौके पर पहुंच गए थे।

पत्रिका 5/10/21

## सख्ती : बिना परमिशन सीसी करने पर होगी कार्रवाई

# फर्म संचालक सहित सभी 14 पार्टनर्स पर अब एफआईआर दर्ज की जाएगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विवादित जमीन पर द्वारका रेजीडेंसी तानने की कोशिश करने वाले फर्म संचालक समेत 14 पार्टनर्स पर एफआईआर होगी।

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

मामला 10 करोड़ रुपए कीमत वाली 15276 वर्गफीट सरकारी जमीन का ही है। एफआईआर के लिए अवैध कॉलोनाइजरों के साथ द्वारका रेजीडेंसी फर्म संचालक पर कार्रवाई का भी प्रतिवेदन तैयार हो रहा है। दो-तीन दिन में कार्रवाई हो जाएगी।

जुल्फिकार कावा, शब्बीर कावा, मोहसिन अली कावा, हुसैन कावा, अब्दुल हुसैन कावा, रजिया बाई कावा, बानो बाई सभी निवासी ताहेरपुरा, सुमित जैन, जैन कॉलोनी, सैफुद्दीन बोहरा खातिवाला टैंक इंदौर, विकास पितलिया चौमुखीपुल, इमामउद्दीन मुगल डाट की पुल, फखरुद्दीन कावा बैंक कॉलोनी, फरीदाबाई बोहरा, खातीवाला टैंक पार्टनर्स है।

### बुरे फंस गए जमीन मालिक

मामले में सबसे ज्यादा फजीहत उन 13 जमीन मालिकों की हो रही है, जो फर्म में पार्टनर भी हैं। सभी ने 25 टका प्रॉफिट में जमीन मल्टी बनाने के लिए दी थी। इसके बदले उन्हें अब तक रुपए नहीं मिले हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 4/10/21

# स्वच्छता को अपनाए, दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं

## गांधी जंयती व आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर निगम ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहर में दिया स्वच्छता का संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



महात्मा गांधी ने सदैव समग्र स्वच्छता की पैरोकारी की और सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए इसे आवश्यक बताया। गांधी जी ने हमें यह दायित्व-बोध करवाया कि हम दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं। खुद जो गंदगी फैलाएं, उसकी सफाई भी स्वयं करें। इसमें ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के छठवे दिन व 2 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़े विभिन्न गतिविधियों के दौरान उक्त विचार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने व्यक्त किए।

इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह ने कहां कि महात्मा गांधी का कहना था कि साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना किसी एक तबके का काम नही है, इसमें सभी की भागीदारी होना चाहिए। उन्होने कहां कि बापू ने साफ सुथरे हिन्दुस्तान का जो ख्वाब देखा था, वो अब धीरे-धीरे पूरा होने लगा है। अब हम सब शहरवासियों का भी दायित्व है कि गांधी जंयती के इस मौके पर रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बना कर प्लास्टिक मुक्त बनाए।

शनिवार को स्वच्छता गतिविधियों को लेकर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम की अन्य शाखाओं के प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम का अमला सबसे पहले नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर पहुचा और वहां बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। यहां पर महात्मा गांधी के स्वच्छता पर विचार विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द्र प्रतापसिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, हेमन्त बंदोडिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सफाई मित्र समूह की टीम, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### सब्जी,फल व होटल वालों को कपड़े की थैलियों का वितरण

स्वच्छता गतिविधियों के तहत आज सफाई मित्र समूह व नगर निगम की टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में फल,सब्जी बेचने और होटल संचालित करने वालों को अमानक प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नही करने की समझाइंश दी गई है। इस मौके पर शैलन्द्र गोठवाल और सफाई मित्र समूह की टीम के सदस्यों ने इन छुटकर व्यापारियों को अमानक प्लास्टीक थैलियों का उपयोग करने पर होने वाले जुर्माने से भी अवगत कराया और इन सभी कपड़ों से बनी थैलियों का वितरण किया। यहां सब्जी, फल और नमकीन आदि खरीदने आए लोगों से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों से कपड़े की थैलिया लेकर ही आए ताकि शहर के वार्डो को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके।

### खेल मैदानों की सुरक्षा खिलाड़ी भी करे

शहर के नेहरु स्टेडियम, कालेज ग्राउण्ड, हनुमान ताल सहित अन्य मैदानों में सुबह मानिंग वॉक करने और खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने आए सैकड़ों लोगों को आज सुबह सफाई मित्र समूह की टीम ने स्वच्छता का पाठ पढ़ाया है। यहां आने वाले लोगों को समझाया गया कि खेल मैदानों को भी अपने घर या दुकान का परिसर समझे और यहां स्वच्छता बनाने में अपना योगदान दे। अगर कोई दूसरा भी यहां कचरा फेंकता है तो उसे रोके या नगर निगम की स्पॉट फाईन टीम क
सूचित करे।

### सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हे उत्साहित किया

नगर निगम कार्यालय परिस
में आयोजित एक भव्य समारोह
नगर की सफाई व्यवस्था से जु
और स्वच्छता बनाए रखने वा
सफाई मित्रों का सम्मान शाल
श्रीफल,प्रमाण पत्र और साप
बांधकर किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

सफाई मित्र सम्मान समारो
के दौरान जितेन्द्र, अफस
अब्बासी, दिलीप पैमाल,
वहाब, चंदन तंवर, कुंदन धुलिय
शरतचन्द्र खरे, मोनिका चौहा
कृष्णा देसाई, कमल, हेमन
लखन सुल्तान, गुलाबचन
बृजमोहन खरे,विजय ख
मंजूबाई, देवकन्या, सादि
मुकेश बैरागी, शुभम पैमा
आन्नद अनिल चनाल,राके
दुलीचन्द्र, सतीश खरे अ
स्वच्छता के इस अमृत महोत्सव
सहयोगी संस्था के राजा ठा
और दिव्या पाटीदार का सम्
किया गया। अवन्तिका

अवन्तिका ५/१०/२१

# प्रशान ने कार्रवाई कर करोड़ों की भूमि से हटाया अतिक्रमण




रतलाम। मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार रतलाम जिले में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही सतत जारी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 35 हजार वर्गफीट शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये है।

रविवार को राजस्व विभाग, नगर निगम तथा पुलिस के संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई करते हुए सैलाना रोड स्थित तिरुपति नगर सर्वे नंबर 278 बरबड़ क्षेत्र में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त बेशकीमती भूमि पर 10 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जाकर दुकानें बना ली गई थी। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन का उपयोग करते हुए शेड हटाए गए। अन्य निर्माण तोड़ा गया। कार्रवाई में चार से पांच डंपर का भी इस्तेमाल किया गया। कार्रवाई दल में एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी आदि शामिल थे।

## 8 ट्राली रेती जब्त,जेसीबी तथा ट्रैक्टर पकड़े

रतलाम। गुप्त सूचनाओं एवं शिकायतों के आधार पर विभिन्न माफियाओ पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। रविवार को सैलाना एसडीएम कामिनी ठाकुर द्वारा कार्रवाई करते हुए बाजना क्षेत्र की माही नदी पर रेत के अवैध उत्खनन में कार्रवाई की गई। प्रकरण में एक जेसीबी तथा आठ ट्रैक्टर-ट्राली के साथ 8 ट्राली रेती भी जप्त की गई। इस दौरान कार्रवाई में राजस्व तथा पुलिस का अमला सम्मिलित रहा।

## सूचना के लिए नम्बर जारी

जिला प्रशासन द्वारा मिलावट या माफिया संबंधी सूचना देने के लिए संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। मोबाइल नंबर 93293 08361 तथा लैंडलाइन नंबर 07412-270401 पर दी जा रही सूचनाओं के आधार पर प्रशासन कार्यवाही कर रहा है। प्रशासन द्वारा जारी नंबरों पर मिलावट के विरुद्ध सूचना दी जा सकती है। अवैध कॉलोनाइजर, रेत का अवैध उत्खनन परिवहन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण या इसी प्रकार के अन्य मामलों में कार्रवाई हेतु सूचना दी जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा माफियाओं के विरुद्ध अभियान सतत जारी रहेगा।

5/10/21



अवन्तिका-3

### नामली बायपास के बाद

# बजरंग नगर में अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

गांधीजी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर शनिवार को नामली सहित रतलाम में अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार शनिवार से शहर की अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की मुहिम शुरू हो गई है। जिला, पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा नामली में बायपास रोड पर अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई के बाद करीब 11.30 बजे ऊंकाला रोड स्थित बजरंगनगर क्षेत्र में तेजसिंह पिता शंभूसिंह की कृषि भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान तेजसिंह की कृषिभूमि पर बनाई गई बाउंड्रीवॉल, विद्युत पोल एवं सीमेंट कांक्रीट रोड को तोड़कर नष्ट किया। सुबह नगर निगम की लोकनिर्माण विभाग की टीम के अलावा जेसीबी सहित डंपर के जिलाप्रशासन की ओर से एसडीएम अभिषेक गेहलोत व पुलिस प्रशासन की ओर से सीएसपी हेमंत चौहान सहित टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो मौके पर आसपास रहवासियों की भीड़ जमा हो गई। सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने बताया कि शहर में अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की।

अवन्तिका. 3/10/21

**नहीं ली थी अनुमति** • प्रशासन ने की थी अवैध निर्माण तोड़ने की कार्यवाही

# अवैध कॉलोनी काटी, 14 लोगों पर केस दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कॉलोनी काटने के लिए आवश्यक अनुमति और कार्यवाही के बगैर नामली में 14 पार्टनर ने मिलकर नामली में पल्दुना फंटे के पास 3.275 हेक्टेयर जमीन पर कॉलोनी काटी तथा प्लॉट और भवन बनाकर बेचना भी शुरू कर दिया। नामली थाने में इन पर केस दर्ज किया गया है

कॉलोनी के लिए पिछले साल लॉकडाउन से पहले जमीन को समतल कर बाउंड्रीवॉल बनाने का काम शुरू हो गया था। बाउंड्रीवॉल बनी तब तक लॉकडाउन लग गया और काम बंद हो गया। इस साल फरवरी में नगर परिषद ने अवैध कॉलोनी की जांच शुरू की। जांच में स्पष्ट हुआ कि कॉलोनी के लिए न तो रजिस्ट्रेशन करवाया गया है न ही नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से मानचित्र का अनुमोदन करवाया है। इतना ही नहीं आश्रय शुल्क भी जमा नहीं करवाया गया है।

**और कॉलोनियों की जांच चल रही है :** तहसीलदार अनिता चाकोटिया ने बताया कि जांच के लिए 11 फरवरी 2021 को सर्वे के लिए दल गठित किया था। टीम ने कॉलोनी को अवैध पाया है। दस्तावेजों के आधार पर 14 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। अन्य कॉलोनियों के लिए भी नामली में जांच जारी है।

## इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया

नामली थाना प्रभारी आरएस भाभोर ने बताया नामली के प्रहलादसिंह सोनगरा, मुकेश कुमावत, शंकरलाल कुमावत, रमेशचंद्र कुमावत, जगदीश कुमावत, आत्माराम कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, राधाबाई कुमावत, दशरथ व सुशीला बाफना, राजेश चोपड़ा, पद्मा चौपड़ा पर केस दर्ज किया है।

**जमीन बेच चुके :** अभिभाषक अमित पांचाल ने बताया पक्षकार दशरथ बाफना, स्त्री सुशीला, राजेश चोपड़ा और उनकी पत्नी पद्मा जमीन बेच चुके हैं इसलिए अवैध कॉलोनी के प्रकरण में उन्हें आरोपी नहीं बनाया जा सकता है। नगर परिषद द्वारा दिए गए नोटिस का भी उत्तर दे दिया है। नोटिस के जवाब की जानकारी को छिपाकर आवेदन दिया गया है।

भास्कर

दै. भास्कर 5/10/21

# तिरुपति नगर में 30 करोड़ की जमीन से हटाया अतिक्रमण, स्टोन के गोदाम थे



भास्कर

**रतलाम** | तिरुपति नगर की 35 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवाई। इसका बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ है। सैलाना मैन रोड से लगी सर्वे 278 पर 10 लोगो ने कब्जा करके शेड बनाकर मार्बल स्टोन की दुकान खोल ली थी। 5 घंटे की कार्रवाई में जेसीबी मशीन से शेड तोड़े गए। सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत ने कहा कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर एफआईआर करेंगे। नामली में केस दर्ज हो गया है। कार्रवाई में एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम उपयंत्री मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी शामिल रहे।

# कॉलोनी बनाकर किए गए अवैध निर्माण को निगम तथा प्रशासन की टीम ने मिलकर हटाया

## कालोनाइज़रों के विरुद्ध होगी एफआईआर व होगा जुर्माना-निगमायुक्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रशासन ने विभिन्न माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की घोषणा की है, इसके साथ ही कालोनाइजरों द्वारा बिना अनुमति के किए गए अवैध निर्माण को भी हटाने का कार्य नगर निगम ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से प्रारंभ कर दिया है। इसी के तहत ढंकाला रोड, बजरंग नगर व अर्जुन नगर में अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कॉलोनी विकास की अनुमति के बिना अवैध रूप से कॉलोनी निर्माण करने पर मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 1998 के अन्तर्गत अवैध कालोनाइजेशन के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण तोड़ने हेतु निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से राशि वसूली जाएगी जिसके तहत उक्त कॉलोनी निर्माण करने वालों को अवैध निर्माण तोड़ने की राशि वसूलने हेतु शीघ्र नोटिस जारी किए जा रहे है। श्री झारिया ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम सतत् जारी रखी जाएगी।





## सीसी की 2 किमी तक की सड़क बना दी

जिला, निगम और पुलिस प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान शनिवार को पाया गया कि ऊंकाला रोड पर तेजसिंह पिता शंभूसिंह धबाई निवासी धबाईजी का वास ने सर्वे क्रमांक 1009-1 रकबा 4.260 हेक्टर में से ऊंकाला रोड़ तरफ की भूमि पर किए गए अवैध कॉलोनी का निरीक्षण करने पर पाया गया कि भूमि स्वामी तेजसिंह ने सीसी से 2 किमी सड़क बनी पाई गई तथा सड़क के सहरे को भूमि भूखण्डों के रूप में विभाजित की जाकर सीसी के पोल लगाए गए है। इन भूखण्डों में से कुछ भूखण्डों पर पुराने मकान बने पाए गए तथा एक भवन निर्माणाधीन है। नगर निगम अधिकारियों ने जब यहां अवैध कॉलोनी का निर्माण पाया तो अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी,नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान व कार्यपालन यंत्री सुरेन्द चन्द व्यास, जीके जायसवाल, श्यामकुमार सोनी प्र.सहायक यंत्री, उपयंत्री सुश्री अनीता ठाकुर, राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर की उपस्थिति में जेसीबी व डम्पर व ट्रैक्टर की सहायता से यहां से अतिक्रमण हटाया गया। इस पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाकर पंचनामा भी बनाया गया है।

## अवैध कॉलोनी का निर्माण कर सड़क बना दी

अर्जुन नगर क्षेत्र में फिरोज टीनवाला पिता मो. हुसैन ने सर्वे नम्बर 135-2 रकबा 0.300 हेक्टर भूमि पर अवैध कॉलोनी का निर्माण शुरू कर दिया था। अधिकारियों ने निरीक्षण में पाया कि टीनवाला ने यहां डब्ल्यूबीएम की 1 किमी सड़क एवं आरसीसी चेम्बर आदि का भी निर्माण कर लिया है। निरीक्षण में भूमि स्वामी का यह कृत्य अवैध कॉलोनी निर्माण का पाया गया। इस अवैध कॉलोनी पर हुए निर्माण को निगम प्रशासन के संसाधनों से ध्वस्त किया गया है। दिलीप नगर निवासी कमला पिता समरथमल चौपड़ा ने भी भूमि पर अवैध कॉलोनी का निर्माण शुरू कर दिया था. यहां इन्होंने भी सड़क सहित अन्य निर्माण कार्य शुरु कर दिए थे। अधिकारियों ने यह दोपहर से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई शुरू की जो शाम पांच बजे तक चलती रही।

स्वदेश

स्वदेश 4/10/21